# सामान्य अध्ययन (प्रश्न-पत्र–I)

निर्धारित समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

## प्रश्न-पत्र संबंधी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़िए)

इसमें बीस प्रश्न दिए गए हैं, जो हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपे हैं।

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

**प्रश्न संख्या 1 से 10 तक के उत्तर 150 शब्दों में तथा प्रश्न संख्या 11 से 20 तक के उत्तर 250 शब्दों में दीजिए।**

प्रश्नों में इंगित शब्द-सीमा को ध्यान में रखिए।

प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

---

# GENERAL STUDIES (PAPER–I)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are TWENTY questions printed both in HINDI and in ENGLISH.

**All** questions are compulsory.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

**Answers to Question Nos. 1 to 10 should be in 150 words, whereas answers to Question Nos. 11 to 20 should be in 250 words.**

Keep the word limit indicated in the questions in mind.

Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

1. मौर्य इतिहास के पुनर्निर्माण के लिए अशोक के अभिलेखों के महत्त्व का विश्लेषण कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

Analyze the importance of Ashokan inscriptions for reconstructing Mauryan history. (Answer in 150 words) 10

2. भारत में औपनिवेशिक प्रशासन और शिक्षा पर मैकाले मिनट के प्रभाव की विवेचना कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

Discuss the impact of Macaulay's Minute on colonial administration and education in India. (Answer in 150 words) 10

3. गाँधीवादी आंदोलनों का महत्त्व उनके द्वारा संगठित जनसमूहों में निहित था। स्पष्ट कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

The significance of the Gandhian movements lay in the masses they mobilized. Elucidate. (Answer in 150 words) 10

4. फुजिहारा प्रभाव क्या है? उष्णकटिबन्धीय चक्रवातों के संचलन तथा तीव्रता पर पड़ने वाले इसके प्रभाव को समझाइए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

What is the Fujiwhara effect? Explain its impact on the movement and intensity of tropical cyclones. (Answer in 150 words) 10

5. "टुन्ड्रा प्रदेश पारिस्थितिक दृष्टि से नाजुक लेकिन आर्थिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण हैं।" इस कथन का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

"Tundra regions are ecologically fragile but economically important." Examine this statement critically. (Answer in 150 words) 10

6. मरुस्थलीकरण और भूमि अवनयन में वायुजनित प्रक्रियाओं की भूमिका की विवेचना कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

Discuss the role of aeolian processes in desertification and land degradation. (Answer in 150 words) 10

7. "दक्षिणी एशिया में जल संसाधन, सम्पत्ति और विवाद का स्रोत दोनों हैं।" उदाहरण देते हुए इस कथन का परीक्षण कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

"Water resources are both an asset and a source of conflict in South Asia." Examine this statement giving examples. (Answer in 150 words) 10

8. साम्प्रदायिकता और क्षेत्रवाद की चुनौतियों के बावजूद विविधता में एकता भारतीय समाज की मुख्य विशेषता बनी हुई है। टिप्पणी कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

Unity in diversity remains the defining feature of Indian society despite the challenges from communalism and regionalism. Comment. (Answer in 150 words) 10

9. अपंगता को आप किस प्रकार समझते हैं? इस विषय में भारत में समावेशी नीतिगत ढाँचे की आवश्यकता सिद्ध कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

How do you understand disability? Substantiate the need for inclusive policy framework in India in this regard. (Answer in 150 words) 10

10. क्या आप ऐसा सोचते है कि अंकीय (डिजिटल) तकनीकी सामाजिक सशक्तता को बढ़ावा देती है? उदाहरणों के साथ समझाइए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

Do you think digital technology promotes social empowerment? Explain with examples. (Answer in 150 words) 10

11. विजयनगर वास्तुकला अतीत की परंपराओं और समकालीन प्रथाओं के सम्मिलन का उदाहरण प्रस्तुत करती है। उदाहरणों के साथ स्पष्ट कीजिए। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

Vijayanagara architecture exemplifies the amalgamation of past traditions with contemporary practices. Elucidate with examples. (Answer in 250 words) 15

12. भारतीय राज्यों का भाषाई पुनर्गठन नीचे से उठे जन-दबाव द्वारा संचालित था। टिप्पणी कीजिए। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

Linguistic reorganization of Indian States was driven by popular pressure from below. Comment. (Answer in 250 words) 15

13. भारत में योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था का मॉडल अपनाया गया ताकि औपनिवेशिक शासन द्वारा छोड़े गए क्षेत्रीय असंतुलनों को मिटाया जा सके। टिप्पणी कीजिए। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

The model of planned economy was adopted in India to address the regional imbalances left behind by colonial rule. Comment. (Answer in 250 words) 15

14. लू, चिनूक और फॉन हवाओं की, उनके पाये जाने वाले क्षेत्र, उनकी प्रकृति और जलवायविक प्रभावों के आधार पर, तुलना कीजिए। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

Compare the Loo, Chinook and Foehn winds with respect to their regions of prevalence, their nature and climatic impacts. (Answer in 250 words) 15

**15.** भारत में जलवायु-अनुकूल (क्लाइमेट-स्मार्ट) कृषि एवं खाद्य सुरक्षा को हासिल करने में उपग्रह-आधारित तकनीकियों की भूमिका का विश्लेषण कीजिए। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

Analyze the role of satellite-based technologies in achieving climate-smart agriculture and food security in India. (Answer in 250 words) 15

**16.** ''वैश्विक व्यापार का केन्द्र अटलांटिक प्रदेश से हिन्द-प्रशान्त (इंडो-पैसिफिक) प्रदेश की ओर धीरे-धीरे स्थानान्तरित हो रहा है।'' इस कथन का परीक्षण कीजिए। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

"The centre of global trade is gradually shifting from the Atlantic region to the Indo-Pacific region." Examine this statement. (Answer in 250 words) 15

**17.** भारत में मानवजन्य भूमि-उपयोग परिवर्तनों के प्रमुख कारकों और उनके भौगोलिक परिणामों का विश्लेषण कीजिए। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

Analyze the major drivers of human-induced land-use changes in India and their geographical consequences. (Answer in 250 words) 15

**18.** क्या शहरी भारत में जाति लुप्त हो रही है? अपने उत्तर को उदाहरणों के साथ स्पष्ट कीजिए। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

Is caste disappearing in urban India? Illustrate your answer with examples. (Answer in 250 words) 15

**19.** समकालीन भारत में जनसांख्यिकीय संक्रमण की चुनौतियों का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

Critically examine the challenges of demographic transition in contemporary India. (Answer in 250 words) 15

**20.** सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों के संदर्भ में भारतीय युवाओं पर वैश्वीकरण के प्रभाव का मूल्यांकन कीजिए। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

Evaluate the impact of globalization on Indian youths with reference to social, political, economic and cultural spheres. (Answer in 250 words) 15

***